बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–03.11.2024

भोजपुर जिला का अवैध बालु खनन माफिया एवं कुख्यात वांछित अपराधकर्मी सत्येन्द्र पाण्डेय एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय गिरफ्तार

- आज दिनांक 03.11.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोजपुर जिला का अवैध बालू खनन माफिया एवं कुख्यात वांछित अपराधी 1. सत्येन्द्र पाण्डेय पे0 स्व0 रामेश्वर पाण्डेय सा0 पचरूखिया कला थाना कोइलवर जिला भोजपुर एवं उसका पुत्र 2. नीजर पाण्डेय पे0 सत्येन्द्र पाण्डेय सा0 पचरूखिया कला थाना कोइलवर जिला भोजपुर को कोइलवर (भोजपुर) थाना कांड सं0 210/24 दिनांक 02.05.2024 धारा 302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में रूपसपुर (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी गिरफ्तार किया।
- उल्लेखनीय है कि कुख्यात अपराधी सत्येन्द्र पाण्डेय अवैध बालु खनन में ''पाण्डे गिरोह'' चलाता है, जिसका यह सरगना है एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है।
- उक्त अपराधकर्मियों द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिनांक 02.05.2024 को विकास महतो पे0 हुंगी महतो सा0 चकिया थाना डोरीगंज जिला सारण एवं सुरर्शन राय पे0 तुलसी राय सा0 चकिया थाना डोरीगंज जिला सारण का अवैध बालु खनन हेतु वर्चस्व की लड़ाई में हत्या कर दी गई थी।
- अपराधी सत्येन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 कांड दर्ज है।
- अपराधी नीरज पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 कांड दर्ज है।

STF